व्यभिचार, वेश्यावृत्ति और पोर्नोग्राफ़ी (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण: ?? ?? ??? ?? ???????? ?? ?? ???? ?????? ???? ?????????? ?? ??? ???? ??, ??????? ????? ???? ??, ?? ????? ????? ??? ?? ??? ?? ?? ??????? ?? ??????? ?? ?????? ?? ???? ?? ???? ??? ???? ?????? ?? ?? ???? ????? ?? ???????? ???? ???

श्रेणी: पाठ › इस्लामी जीवन शैली, नैतिकता और व्यवहार

द्वारा: Imam Mufti (© 2013 NewMuslims.com)

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य:

- स्वास्थ्य, रिश्तों और बच्चों पर ज़िना के प्रभावों के बारे में जानना।
- ज़िना से बचने के लिए इस्लाम में बताए गए चार उपायों के बारे में जानना।

अरबी शब्द:

- *?????* - व्यभिचार या वेश्यावृत्ति जिसमें योनि और गुदा मैथुन होता है, लेकिन यह अन्य प्रकार के अनुचित यौन व्यवहार को भी संदर्भित करता है।
- *????* - आस्था, विश्वास या दृढ़ विश्वास।
- *?????* - प्रभुत्व, नाम और गुणों के संबंध में और पूजा की जाने के अधिकार में अल्लाह की एकता और विशिष्टता।
- *????* - आस्तिक और अल्लाह के बीच सीधे संबंध को दर्शाने के लिए अरबी का एक शब्द। अधिक विशेष रूप से, इस्लाम में यह औपचारिक पाँच दैनिक प्रार्थनाओं को संदर्भित करता है और पूजा का सबसे महत्वपूर्ण रूप है।
- *?????* - (बहुवचन: अज़कार) अल्लाह को याद करना।

ज़िना के कुछ दुष्परिणाम क्या हैं?

विवाह से पूर्व संभोग को लंबे समय तक चलने वाला नकारात्मक परिणाम बताया गया है, जिसमें विवाह से पहले बच्चे होना, यौन संचारित रोग (एसटीडी), भावनात्मक समस्याएं, संकीर्णता और भविष्य में विवाह का टूटना शामिल है।

आज अमेरिका में सभी पैदा हुए बच्चो में से 35% विवाह से बाहर के हैं। जिस माता-पिता के बच्चे ज़िना से होते हैं, उनकी शादी होने की संभावना कम होती है और उनके अवसाद से पीड़ित होने और गरीबी में रहने की संभावना उन लोगों की तुलना में अधिक होती है जिनके शादी के बाहर बच्चे नहीं होते हैं। अन्य बच्चों की तुलना में किशोर माताओं से पैदा होने वाले बच्चों के स्कूल मे कम अंक, हाई स्कूल छोड़ने, दुर्व्यवहार या उपेक्षित होने, अविवाहित होते हुए बच्चा पैदा करने और अपराधी बनने की संभावना अधिक होती है।

जो लोग ज़िना में लिप्त होते हैं उन्हें एसटीडी होने की संभावना अधिक होती है। अमेरिका में हर साल इसके 15 मिलियन नए मामले सामने आते हैं, और अमेरिका में 65 मिलियन से अधिक लोगों को वर्तमान में एक लाइलाज एसटीडी है। हर साल 3 मिलियन किशोर एसटीडी से संक्रमित होते हैं।

हमारे पैगंबर ने ज़िना के बढ़ते प्रसार के साथ एसटीडी के प्रसार से संबंधित एक अद्भुत भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा:

"यदि ज़िना उस समय तक प्रचलित हो गया जब लोग इसे सार्वजनिक रूप से प्रचारित करेंगे, तो अल्लाह उन पर ऐसी बीमारियां डालेगा जो पहले मौजूद नहीं थीं।"[1]

कक्षा 7-11 के युवाओं के 2005 के एक अध्ययन में पाया गया कि ज़िना करने से उन्हें अक्सर अवसाद हो जाता है। ज़िना न करने वाली लड़कियों की तुलना में, ज़िना करने वाली लड़कियों के उदास होने की संभावना दो से तीन गुना अधिक होती है और उनके आत्महत्या करने की संभावना अधिक होती है।

मीडिया किशोरों को ज़िना में लिप्त होने के लिए बहुत प्रभावित करता है। बाल रोग के एक अध्ययन में पाया गया कि जिन किशोरों ने अधिक मात्रा में टीवी मे ज़िना देखा, उनके अगले साल ज़िना मे लिप्त होने की संभावना दुगनी थी उनकी तुलना में जिन्होंने कम ज़िना देखा था। अध्ययन के अनुसार, टीवी पर ज़िना की चर्चा का किशोरों पर ज़िना के चित्रण के समान प्रभाव पड़ा।

किशोरों का ज़िना से दूर रहने मे धर्म एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स की 2004 की एक रिपोर्ट में, किशोरों ने कहा कि उन्होंने अभी तक ज़िना नहीं करने का मुख्य कारण यह था कि यह "उनके धर्म या नैतिकता के खिलाफ है।"

2003 के एक अध्ययन में पाया गया कि किशोर, विशेष रूप से लड़कियां, जो प्रार्थना करती हैं, धर्म को महत्वपूर्ण मानती हैं, धार्मिक संगठनों में नियमित रूप से भाग लेती हैं, और युवा समूहों में भाग लेती हैं, उनका कम धार्मिक किशोरों की तुलना में ज़िना करने की संभावना कम होती है।

ज़िना से बचाव के लिए इस्लाम द्वारा निर्धारित उपाय

हमें ज़िना को रोकने और कम करने के लिए इस्लाम द्वारा निर्धारित चार उपायों को समझना चाहिए - अपने दिलों में अल्लाह के प्रति विश्वास स्थापित करना, लिंग संबंधों के इस्लामी नियमों का पालन करना, इस्लामी पहनावे का पालन करना और शादी करना। इनमें से प्रत्येक पर नीचे चर्चा की गई है:

1. अपने ईमान और अल्लाह में विश्वास को मजबूत करना: तौहीद को अपने दिल में स्थापित करें और समझें कि अल्लाह ने हमें बनाया है, वह हमारी पूजा और प्यार का हकदार है, वह आदेश देता है और मना करता है, और केवल अल्लाह ही जानता है कि हमारे लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है। एक मुसलमान को अपने विश्वास को मजबूत करने और बनाए रखने के लिए सभी साधनों का उपयोग करना चाहिए और उस पर ध्यान देना चाहिए जो इसे कमजोर करता है। नियमित नमाज़ पढ़ना, मस्जिद जाना, और स्मरण के दैनिक शब्द (अज़कार) सूची में सबसे ऊपर आते हैं। पोर्नोग्राफी से दूर रहना, ध्यान नही भटकाना और बुरे दोस्त से दूर रहना भी इसका हिस्सा है।

2. क़ुरआन और सुन्नत में निर्धारित पुरुष-महिला संपर्क की सीमाओं का पालन करना: पुरुषों और महिलाओं के बीच के अस्वीकृत अंतर्संबंध से बचना। इस विषय पर एक अलग पाठ मे चर्चा की गई है।

3. इस्लामी पहनावे का पालन करना: पुरुषों और महिलाओं दोनों को इस्लाम के अनुसार उचित इस्लामी पहनावे का पालन करना चाहिए।[2]

4. शादी करना: खुद को ज़िना में लिप्त होने से बचाने के लिए अल्लाह ने शादी को एक तरीका बनाया है। पैगंबर मुहम्मद ने कहा, '...तुम में से जो भी शादी कर सकता है, उसे शादी कर लेना चाहिए; क्योंकि यह आंखो को नीचा रखने के लिए बेहतर होता है। और यह गुप्तांग की सुरक्षा के तौर पर बेहतर है।"[3]

एक अनुकूल मुस्लिम जीवनसाथी के साथ स्वस्थ विवाह व्यक्ति को मन और शरीर को शुद्ध रखने में बहुत सहायता करता है।[4] जिन लोगों की यौन इच्छा प्रबल होती है, लेकिन किसी कारण से शादी नहीं कर सकते, उन्हें उपवास करना चाहिए। वे महीने में तीन दिन या सोमवार और गुरुवार को उपवास कर सकते हैं।[5]

अंत में, मानसिकता मे बदलाव करें। कल्पना कीजिए कि पृथ्वी पर सबसे अच्छा दिखने वाला व्यक्ति जल्द ही बूढ़ा हो जाएगा और अनाकर्षक हो जाएगा। कल्पना कीजिए कि यह व्यक्ति भी किसी और

की तरह शौचालय का उपयोग करता है। कल्पना कीजिए कि आप उसके साथ कुछ मिनटों के आनंद के लिए नर्क में जलने का जोखिम नहीं उठा सकते। यदि संदेह है, तो नर्क के बारे में और पढ़ें।

फुटनोट:

[1] इब्न माजा

[2] इस पर यहां और अधिक विस्तार से चर्चा की गई है: (http://www.newmuslims.com/lessons/135/) [3 भाग]

[3] सहीह अल-बुखारी, सहीह मुस्लिम

[4] आप यहां जीवनसाथी खोजने के बारे में अधिक जान सकते हैं: (http://www.newmuslims.com/lessons/156/) [2 भाग]

[5] स्वैच्छिक उपवासों के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया देखें: (http://www.newmuslims.com/lessons/191/)

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/196

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।